**महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय,अजमेर**

क्रमांकःएफ–14( )शैक्ष.II/मदसविवि/2024/27463-962 दिनांकः 28.09.2024

**अतिआवश्यक**

प्राचार्य,
सम्बद्ध महाविद्यालय,
महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर ।

**विषयः छात्रवृत्ति पोर्टल खुलवाने हेतु शपथ पत्र एवं अनापत्ति प्रमाण–पत्र भिजवाने बाबत्।**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि संलग्न शपथ–पत्र पर अण्डरटेकिंग एवं सत्र 2024–25 हेतु राज्य सरकार द्वारा जारी किया गया अनापत्ति प्रमाण–पत्र (स्थाई/अस्थाई) आवश्यक रूप से संलग्न कर विश्वविद्यालय में 07 दिवस में भिजवाने का श्रम करें । महाविद्यालय इस हेतु नियत समय में मूल शपथ–पत्र विश्वविद्यालय में भिजवाया जाना सुनिश्चित करें । जिससे महाविद्यालय का छात्रवृत्ति हेतु पोर्टल खोला जा सके । **शपथपत्र में किसी भी प्रकार का बदलाव मान्य नहीं होगा।**

उक्त के अभाव में यदि विद्यार्थी स्कॉलरशिप से वंचित रहते हैं **तो समस्त जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी।**

भवदीय,

कुलसचिव

संलग्नः शपथ–पत्र का प्रारूप

AnyScanner

(रूपये 100/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर )
नोटेरी द्वारा प्रमाणित

# शपथ–पत्र

1. मैं......................................................................................(सचिव/अध्यक्ष का नाम) शपथ पूर्वक प्रस्तुत करता हूँ कि......................................................................................................................... (संस्था का नाम) का संस्था सचिव/अध्यक्ष के बतौर निम्नलिखित अभिकथन देता हूँ कि हमारी संस्था के द्वारा संचालित ........................................................................................ (महाविद्यालय का नाम) की अस्थाई सम्बद्धता वर्ष ................................... से निम्न पाठ्यक्रमों ........................................................................................................................ (पाठ्यक्रमों का नाम) में लम्बित है ।

2. यह कि हमारे महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों हेतु राज्य सरकार/उच्च शिक्षा विभाग/कॉलेज आयुक्त, जयपुर द्वारा अनापत्ति प्रमाण–पत्र जारी कर दिया गया है, जिसकी सत्यापित प्रति/प्रतियॉ संलग्न है। (जिस सत्र से सम्बद्धता वृद्धि लम्बित है)

3. महाविद्यालय में कार्यरत प्राचार्य/शैक्षणिक/अशैक्षणिक कर्मचारी अन्य किसी महाविद्यालय में कार्यरत नहीं है।(सत्रानुसार सूचियॉ संलग्न की जा रही है)

4. महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय नियमानुसार अक्षय निधि कोष की एफ0डी0आर0 बनवाई गई है । (प्रति संलग्न है)

5. मैं शपथ पूर्वक अण्डरटेकिंग प्रस्तुत करता हूँ कि मेरे उक्त महाविद्यालय के विरूद्ध यदि कोई शुल्क/आर्थिक दण्ड/जीएसटी आदि बकाया है एवं महाविद्यालय स्तर पर निर्धारित संसाधनों/शैक्षणिक स्टाफ संबंधित कमियॉ व अन्य कमियों को यथा शीघ्र जमा/प्रतिपूर्ति कर सत्यापित दस्तावेज प्रस्तुत कर दूंगा। मैं यह शपथ करता हूँ/करती हूँ कि महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय के अध्यादेश 70–ए की पूर्णरूपेण अनुपालना की जायेगी।

6. हमारे महाविद्यालय में विश्वविद्यालय द्वारा संबद्धता प्राप्त पाठ्यक्रमों में स्वीकृत सीटों से अधिक विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं दिया गया है, न भविष्य में देंगे। छात्रवृत्ति पोर्टल पर छात्रवृत्ति हेतु तदानुसार ही आवेदन–पत्र भरवाये जा रहे है।

7. महाविद्यालय संस्था के स्वयं के भूमि भवन में सत्र .................... से संचालित किया जा रहा है/संस्था के स्वयं के भूमि भवन में सत्र.......................से संचालित कर लिया जावेगा।

मैं ............................................. शपथ पूर्वक अभिलिखित करता हूँ कि महाविद्यालय द्वारा उक्त शपथ–पत्र में वर्णित कथन/विवरण/संलग्न दस्तावेज पूर्णतया सत्य हैं एवं किसी भी तथ्य को महाविद्यालय द्वारा छिपाया नहीं गया है। मैं यह भी शपथपूर्वक बयान करता हूँ कि किसी भी प्रकार की अनियमितता/विसंगति/कमी के लिए हमारी संस्था पूर्ण रूप से जिम्मेदार रहेगी एवं विश्वविद्यालय हमारे विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र रहेगा।

महाविद्यालय का ई–मेल ...........................................................................मोबाईल नं0..............................

महाविद्यालय की वेबसाईट ...........................................................................

प्राचार्य/सचिव/अध्यक्ष
के हस्ताक्षर मय मोहर

दिनांक: .......................
स्थान : .......................

आधार नं0..................................

गवाह 1. ....................................... आधार नं0................................................

गवाह 2. ....................................... आधार नं0................................................

AnyScanner